एक नजर में

अमरनाथ यात्री का स्वागत कर विदाई

जीरापुर 11 जुलाई, सं. नगर के ठेकेदार जगदीश वर्मा के पुत्र अंकित वर्मा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए. इसके पूर्व स्थानीय लोगों ने उनका मिठाई खिलाकर माला पहनाकर स्वागत कर मंगलमय यात्रा की कामना की. इस मौके पर सौधिया समाज पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह आमलाबे, मदन सिंह पवांर, दिनेश जमींदार, रामेश्वर विश्वकर्मा, कैलाश आमलाबे, सिद्धनाथ भाटी सहित अन्य साथी मोजूद थे.

एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण

पडाना 11 जुलाई, सं. ग्राम पंचायत मऊ टीकोद में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शमशान, कब्रिस्तान और संत रविदास आश्रम परिसर में 100 छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए. सरपंच रईस मंसूरी ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम सिर्फ एक अभियान नहीं है. यह हमारी आने वाली पीढ़ियों को साफ हवा, ठंडी छाया और फल देने वाला भविष्य देने का वादा है. पंचायत सचिव लाड सिंह कुम्भकार ने कहा कि पंचायत प्रशासन का लक्ष्य हर सार्वजनिक जगह को हरा-भरा करना है. उन्होंने कहा कि शमशान और आश्रम जैसे स्थानों पर वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण बचेगा बल्कि लोगों में आध्यात्मिक शांति भी बढ़ेगी. इस मौके पर जगदीश राजपूत, ओम राजपूत, मुकेश वर्मा, बाबूलाल भिलाला, शाकिर मंसूरी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने हाथों में फावड़ा और पौधे लेकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

उत्पादन बढ़ाने तृतीय चरण 13 जुलाई से

सारंगपुर 11 जुलाई, सं. कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का प्रथम एवं द्वितीय चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है. अब इस अभियान का तृतीय चरण 13 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा. इस अभियान के अंतर्गत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी 2 से 4 पशु रखने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क करेंगे. उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार, टीकाकरण तथा पशुओं में टैगिंग के महत्व की जानकारी दी जाएगी. जिससे पशुपालन से होने वाली आय में वृद्धि हो सके. अभियान के सफल संचालन के लिए विकासखंड राजगढ़ एवं सारंगपुर का संयुक्त प्रशिक्षण जिला पशु चिकित्सालय (पॉलीक्लिनिक) में आयोजित किया गया. पशु चिकित्सा अधिकारी डा .अमित शाक्या के मार्गदर्शन मे प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉ. सोनाली ठाकुर द्वारा किया. जिसमें सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, गौसेवक एवं मैत्री कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.

निर्विन्ध्या महाविद्यालय में प्रवेश लेने का अवसर

ब्यावरा 11 जुलाई, का. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी सीएलसी राउंड की समय सारणी के अनुसार निर्विन्ध्या महाविद्यालय में संचालित विभिन्न रोजगार आधारित पाठ्यक्रम जैसे LLB, BA.LLB, MSC BA, BSC, B.COM में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित है. संस्था संचालक कुलदीप सक्सेना ने बताया महाविद्यालय में विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन नि: शुल्क किए जा रहे है. ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें. विद्यार्थी प्रवेश के लिए सीधे निर्विन्ध्या महाविद्यालय में संपर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है.

ना मरीजों का इलाज, ना अस्पताल की मरम्मत

बिना डॉक्टर का जर्जर भवन : जिले की सबसे बड़ी पंचायत में सरकारी स्वास्थ्य सुविधा खतरे में

टपकती छत के नीचे इलाज, पडाना पीएचसी बारिश में बनी परेशानी

झड़ता प्लास्टर और दीवारों, छतों से रिसता बारिश का पानी लोगों को डरा रहा है

पड़ाना कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का प्लास्टर गिरने लगा है. यहां बारिश का पानी नजर आ रहा है.

नवभारत न्यूज

पड़ाना 11 जुलाई, सं. बारिश की बूंद के साथ ही पडाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत भी टपकने लगती है. जिस छत के नीचे मरीजों को राहत मिलनी चाहिए, वहीं से अब पानी गिर रहा है. प्राथमिक चिकित्सालय की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है.

ओपीडी, वार्ड, दवा कक्ष, स्टाफ रूम... एक कमरे को छोड़कर हर जगह छत से पानी टपक रहा है. बरामदे में सरिया दिखने लगे हैं, प्लास्टर जगह-जगह उखड़ गया है. स्टाफ मजबूरी में दवाओं की फाइलें और उपकरण एक कोने से दूसरे कोने में शिफ्ट कर रहा है. बिजली में शॉर्ट सर्किट का खतरा अलग.

मुसीबत सिर्फ छत की नहीं. स्टाफ की भारी कमी से जूझ रही है. वार्ड बॉय, ड्रेसर, नर्स, गार्ड - किसी का पर्याप्त इंतजाम नहीं. ग्रामीणों का आरोप है कि हर साल बारिश में यही हाल होता है, लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ फाइलें चलती हैं, काम नहीं. गांव वालों ने प्रशासन से तत्काल मांग की है कि अस्पताल भवन की छत की मरम्मत तुरंत कराई जाए, खाली पड़े सभी पदों पर भर्ती हो, पुरुष डॉक्टर की जॉइनिंग जल्द हो, ताकि बारिश में भी लोगों को 30 किमी

सालों बाद भी शुरू नहीं हुए संजीवनी क्लीनिक

एक ओर जहां जिले के ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत बदतर है. वहीं शहरी क्षेत्र में भी मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर बनाए गए संजीवनी क्लीनिक अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे है. जूना ब्यावरा क्षेत्र में एसडीएम बंगले के ठीक बगल में पुराने शहर के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए संजीवनी क्लीनिक खोला गया है. लेकिन यह क्लीनिक शुभारंभ और लोकार्पण का इंतजार करते-करते जर्जर हालत में पहुंच गया. करीब 35 लाख रूपए इस क्लीनिक के भवन निर्माण में खर्च किए जा चुके है और शासन स्तर पर यहां स्टाफ और जरूरी साजो सामान के लिए भी बजट योजना के तहत निर्धारित है. बावजूद इसके इन क्लीनिकों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. मौसमी बीमारियों, टीकाकरण अभियान और आंगनवाड़ी से जुड़े स्वास्थ्य अभियान के लिए ये क्लीनिक बड़ी सुविधा के रूप में उपयोग होंगे. लेकिन अनदेखी के कारण ये उपयोग नहीं आ रहे है. महज भवन बनाने के लिए टेण्डर की औपचारिकताएं पूर्ण कर भुगतान किए जा चुके है. लेकिन जिस उद्देश्य के लिए इन भवनों का निर्माण लाखों रूपए की राशि खर्च करने के बाद किया गया था. उसमें ये काम नहीं आ रहे है. जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए.

ज्वाइन नहीं कर रहे डॉक्टर

पुरुष डॉक्टर का पद पिछले डेढ़ महीने से खाली है. डॉ. तन्मय मोदी के ट्रांसफर के बाद डॉ. शर्मा ने अब तक जॉइन नहीं किया. नतीजा ये कि गांव वाले दोहरी मार झेल रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां अस्पताल भवन में सुविधाएं नहीं है इसलिए 25-30 किमी दूर सारंगपुर, शाजापुर, शुजालपुर जाना पड़ता है. आधी रात को इमरजेंसी आ जाए तो अस्पताल भवन किसी काम की नहीं बचती. पड़ाना कस्बे की आबादी काफी ज्यादा है और जिले की सबसे बडी पंचायत है. ऐसे में यहां बड़े क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले अस्पताल को सुविधाएं भी पूर्ण रूप से मिलनी चाहिए.

सांसद, राज्यमंत्री से करेंगे गुहार

ग्रामीणों का कहना है कि वे उनके अंचल के विधायक एवं राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल को मामले में अवगत कराएंगे. ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय सांसद और राज्यमंत्री से इस बारे में मिलकर उनसे अस्पताल की दुरूस्ती और चिकित्सकों की तैनाती की मांग करेंगे. उन्हें डाक द्वारा चिट्ठियां भेजी जाएंगी ताकि वे यहां आकर एक बार अस्पताल का निरीण कर ग्रामीणों की मदद कर सकें.

जैविक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिये

कलेक्टर द्वारा कृषि विभाग की समीक्षा

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 11 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा खरीफ सीजन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई. बैठक में उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास पानसिंह करोरिया, सहायक संचालक प्रहलाद सिंह बारेला, वसीम नयाता, श्रीमती दीक्षा राठौर सहित विभागीय अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहा.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत मोटे अनाज विशेषकर ज्वार एवं मक्का के गुणवत्तायुक्त बीजों का वितरण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए. ताकि अधिकाधिक किसान लाभान्वित हो सकें. उन्होंने राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल के तहत सोयाबीन बीज वितरण एवं किसान पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए. बैठक में राष्ट्रीय मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत स्थापित बीआरसी केंद्रों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी तथा मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होती है. इसलिए किसानों को इसके लाभों से अवगत कराया जाए. साथ ही पीडीएमसी योजना के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने तथा पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश कृषि विस्तार अधिकारियों को दिए.

बैठक में जून के दौरान सार्थक ऐप पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की गई. उत्कृष्ट उपस्थिति दर्ज करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए नियमित एवं समयबद्ध उपस्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए.

खरीफ सीजन को देखते हुए जिले में उर्वरकों की उपलब्धता एवं ई-टोकन प्रणाली की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर ने किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा ई-टोकन व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश दिए.

बैठक में पूसा अर्ली-16 किस्म के धान सहित कृषि क्षेत्र के नवीन तकनीकी नवाचारों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया. कलेक्टर ने मैदानी अमले को निर्देशित किया कि किसानों के बीच पहुंचकर आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार करें, जिससे जिले में उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि सुनिश्चित हो सके.

श्याम सोनी बने स्वर्णकार समाज के जिला अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

पचोर 11 जुलाई, सं. नगर में स्वर्णकार समाज की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई. बैठक में हाल ही में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा समाजजनों के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

बैठक में समाज की संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से श्याम सोनी भीलवाडिया वाले को स्वर्णकार समाज का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया. उनके मनोनयन पर उपस्थित समाजजनों ने स्वागत कर बधाई दी तथा समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया.

बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया, प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर मुकेश सोनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी पाचम, किशोर उदावत, कोर कमेटी सदस्य घनश्याम सोनी, धर्मेंद्र सोनी, मोहन सोनी, बद्रीलाल सोनी, कृष्णमोहन सोनी, यशवंत सोनी, कैलाश सोनी, रमेश सोनी, संतोष सोनी, राधेश्याम सोनी, भगवान सोनी, पचौर नगर अध्यक्ष राजकुमार सोनी, युवा अध्यक्ष आनंद सोनी, महिला अध्यक्ष ममता सोनी, भगवानदास सोनी, जेपी उदावत, संजय सोनी, मोहन सोनी, आशीष सोनी, बंटी सोनी, गोपाल सोनी, मनोज सोनी, हरीश सोनी, हेमंत सोनी, जितेंद्र सोनार, सुरेश सोनी, मुकेश सोनी, यशवंत सोनी, ब्रजेश सोनी, राहुल सोनी, जगदीश सोनी, दिलीप सोनी, धर्मेंद्र सोनी, भरत सोनी, गिरधर सोनी, राजेश सोनी सहित बड़ी संख्या में जिले के समस्त नगर अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष समाजजन उपस्थित रहे.

विश्व जनसंख्या दिवस पर किया जागरूक

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 11 जुलाई, का. विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में जनसंख्या संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ. प्रतियोगिता में लगभग नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा जनसंख्या, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं सतत विकास से जुड़े विभिन्न 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दिए.

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व, जनसंख्या संतुलन, स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना था.

बच्चों की दूसरी पाठशाला बनेंगी आंगनवाड़ी

नवभारत न्यूज

पडाना 11 जुलाई, सं. बच्चों के भविष्य को आकार देने की दिशा में सेक्टर पड़ाना के ग्राम मऊ में आयोजित मिशन नींव प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया.

जिला समन्वयक संतोष राजपूत ने अपने अनुभव और सरल भाषा में कार्यकर्ताओं को 3 से 6 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास का मंत्र दिया. टीएलएम और गतिविधि-आधारित शिक्षा से हम आंगनवाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिए दूसरी पाठशाला बना सकते हैं. कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच रईस मंसूरी ने कहा कि सरकार की मंशा और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही मिशन नींव सफल होगा और हमारे गांव का हर बच्चा शिक्षित व संस्कारित बनेगा. प्रशिक्षण के समापन पर जिले में अनुकरणीय कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र

मॉडल स्कूल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 11 जुलाई, सं. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शासकीय मॉडल स्कूल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इस दौरान उन्होंने विद्यालय में मध्यान्ह भोजन तथा पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया.

उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया. इसके उपरांत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मॉडल स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ बस में बैठकर वन विभाग की वन वाटिका पहुंचकर पौधरोपण किया. इस मौके पर सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, एसडीएम अंकिता जैन, तहसीलदार अनिल शर्मा, स्कूल प्राचार्य रामचरण दांगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

पौधारोपण | राज्यमंत्री और विधायक ने नवीन संयुक्त एसडीएम कार्यालय में किया पौधारोपण

स्वच्छ वातावरण के लिए अधिक वृक्षारोपण के साथ संरक्षण जरूरी

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़11 जुलाई, सं. हरियाली महोत्सव अभियान के अंतर्गत नरसिंहगढ़ के नवीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार कार्यालय के संयुक्त परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार एवं विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने नवीन संयुक्त शासकीय परिसर का अवलोकन कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी ली.

राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण नैतिक दायित्व हम सभी का है. आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण देना है तो अधिक से अधिक वृक्षारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी सुनिश्चित करना होगा.

नरसिंहगढ़ की जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सर्वसुविधायुक्त संयुक्त परिसर का निर्माण कराया है, जहां अधिकांश विभाग एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं. इससे लोगों का समय और श्रम दोनों बचेंगे तथा प्रशासनिक कार्यों में भी अधिक पारदर्शिता और गति आएगी.

जनता के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

इस अवसर पर विधायक नरसिंहगढ़ श्री शर्मा ने कहा कि राज्यमंत्री की विधानसभा क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतें नरसिंहगढ़ जनपद के अंतर्गत आती हैं, इसलिए दोनों क्षेत्रों का विकास परस्पर जुड़ा हुआ है.

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित यह नवीन संयुक्त शासकीय परिसर नरसिंहगढ़ की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं मिलेंगी.

मनोकामेश्वर महादेव मंदिर में पौधारोपण किया

करनवास 11 जुलाई, सं. शनिवार को स्थानीय बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा द्वारा महादेव मनोकामेश्वर शिवालय मंदिर (मदागल) में मोनोकारपॉस, नीम, गुलमोहर सहित पुष्पदार पौधे लगाए और सभी पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया. कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक वरुण तुलस्यान, विक्रमादित्य सिंह,प्रबंधक शिवालय मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज यादव, जगदीश प्रसाद यादव, सचिन जाटव, रामनिवास सोंधिया, देवेंद्र शर्मा, परमानंद सेन, दिनेश मोंगिया, मौजूद रहे.

नवभारत क्लासिफाईड